## Headline

1. **Mayawati Birthday: मायावती का बड़ा एलान, अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, किसी पार्टी से नहीं करेंगे गठबंधन**
2. **Indigo: पायलट ने किया विमान की उड़ान में देरी का एलान तो यात्री ने कर दिया हमला, वीडियो वायरल, बिठाई गई जांच**

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 187 | इंदौर, सोमवार 15 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



## स्कूल का 35 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री साई नाथ हाई सेकेंडरी स्कूल में 35 वां वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर विवेक जोशी थे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए एवं श्री जोशी द्वारा पलक बैरागी ,मानसी साहू,भूमिका शर्मा ,मुस्कान यादव,वैष्णवी प्रजापति,सोनाक्षी मीना बोर्ड परीक्षा में प्रथम अंक पाने पर शील्ड, चांदी का सिक्का एवं चेक द्वारा पुरस्कृत किया गया इसका संचालन श्रीमती चंद्रेश यादव द्वारा किया गया आभार श्रीमती प्रीति यादव द्वारा भारा व्यक्त किया गया।

## कांग्रेस कितनी बार करेगी राहुल की लॉन्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। यहां मीडिया से बातचीत में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राहुल गांधी की कितनी बार लॉन्चिंग करेंगे? मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 20 साल से मैं देख रहा हूं जबसे राहुल गांधी राजनीति में आए हैं तब से उनकी लॉन्चिंग हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कभी प्रियंका गांधी की लॉन्चिंग होती है, लेकिन लॉन्चिंग के बाद फिल्म पूरी तरह फ्लॉप हो जाती है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। यह यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।

## स्व. कासलीवाल की जन्म जयंती मनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शनिवार को स्व. प्रदीप कुमार कासलीवाल की जन्म जयंती मनाई गई। इसे यादगार त्योहार के रूप में संस्था प्रवेश द्वारा भारत के पहले भिक्षुक पुनर्वास केंद्र परदेशीपुरा पर मनाया गया। जहां स्व. कासलीवाल के सुपुत्र अमित शिखा कासलीवाल सपत्निक उपस्थिति हुए। उनके साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अरिहंत जैन, सचिव सुदीप लुहाड़िया, कोषाध्यक्ष अनंत पंकज जैन, परवार महिला संगठन की अध्यक्ष मुक्ता जैन एवं प्रवेश के सोमेंद्र दोशी उपस्थित रहे। केंद्र की संचालिका व संस्था प्रवेश की अध्यक्ष रूपाली जैन ने संस्था की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया एवं आगे आने वाली योजनाओं के बारे में बात की साथ ही सभी व्यवस्थाएं सुचारु ढंग से चलती रहे उसके लिए मार्गदर्शन चाहा। अमित कासलीवाल ने कहा कि भिक्षुकों का पुनर्वास सभी के लिए एक आई ओपनर है और समाज से यह अभिशाप मिटाने व शहर हित में इस अभियान में समस्त जैन समाज का साथ है। कार्यक्रम की शुरूआत सोनाली बागड़िया ने मंगलाचरण से की। आभार सुरभि दोशी ने माना।

# कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय और महापौर भार्गव ने उड़ाई पतंग

◆ महिलाओं ने खेली कबड्डी, मकर संक्रांति पर पतंगबाजी, गिल्ली-डंडा, सितौलिया सहित अन्य खेल खेले गए





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में मकर संक्रांति दो दिन मनाई जा रही है। इंदौर में दो दिन उत्सवी माहौल रहेगा। 14 जनवरी को शहर में कई आयोजन हुए। सुबह से लोग छतों पर पतंगबाजी करते रहे। वहीं गिल्ली डंडा और सितौलिया भी जमकर खेला गया। महिलाओं ने कबड्डी भी खेली। उधर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पतंगबाजी में हाथ आजमाए।**

संस्था संघमित्र द्वारा रविवार को दशहरा मैदान पर 'मित्र संक्रांति महोत्सव' आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से 'पतंगबाजी महोत्सव' के साथ कई पारंपरिक खेल खेले गए। महिलाओं ने कबड्डी भी खेली। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और कैलाश विजयवर्गीय ने पतंगबाजी भी की। दोपहर में महिलाओं ने 'हल्दी-कुमकुम' का कार्यक्रम रखा।

**परंपरागत खेलों में आजमाए हाथ-** दशहरा मैदान पर परंपरागत खेल गिल्ली डंडा, सितोलिया, रस्सा खेंच, कबड्डी, नींबू रेस, मटकी फोड़, रस्सी कूद, रूमाल झपट्टा, चेयर रेस इत्यादि खेल खेले गए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मधु वर्मा सहित एमआइसी सदस्य मौजूद थे। उधर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बाणगंगा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**गीता भवन में श्रीराम कथा का आयोजन**

# 16 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन होंगे उत्सव, 22 को हजारों दीपों से जगमगाएगा परिसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से गीता भवन मंदिर परिसर में 16 से 22 जनवरी तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज अमृतवर्षा करेंगे। साथ ही विशेष उत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर रंगारंग आतिशबाजी के साथ ही अन्नकूट महोत्सव एवं प्रतिदिन भगवान के नूतन श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को प्रतिदिन 56 भोग समर्पण किए जाएंगे। 22 जनवरी को विशेष उत्सव में हजारों दीपों की रोशनी की जाएगी, जिससे पूरा मंदिर परिसर जगमगाएगा। श्रीराम दरबार मंदिर में रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा और पुष्प सज्जा की जाएगी।

गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के प्रमुख आनंद गोयल, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में इस उत्सव की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के श्रीमुख से रामकथा का सात दिवसीय संगीतमय आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा इस उत्सव के दौरान गीता भवन स्थित सभी देवालयों में विशेषकर राम दरबार मंदिर में भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर प्रतिदिन 56 भोग समर्पित करने की तैयारियां की गई है। इसके अलावा महोत्सव में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भी यहां विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के समय रंगारंग आतिशबाजी और दीपों से सजावट का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा। इसी दिन शाम को बाहर से आई टीम द्वारा आतिशबाजी की जाएगी।

ट्रस्ट के प्रमुख आनंद गोयल ने बताया कि श्रीराम कथा में 16 एवं 17 जनवरी को राम कथा महात्यम, 18 जनवरी को शिव झपार्वती विवाह, 19 जनवरी को राम जन्म, 20 जनवरी को राम झसीता विवाहोत्सव, 21 को भरत-मिलाप और 22 जनवरी को उत्सव में हनुमान चरित्र, राम राज्य अभिषेक और 56 भोग का विशेष आयोजन किया जाएगा।

**कटाक्ष**




# मध्य प्रदेश सरकार को फिल्म इंडस्ट्री के लिए सोचना चाहिए : सूर्यपाल सिंह

◆ द केरला स्टोरी ने जागरूकता का काम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द केरला स्टोरी की कहानी सचबयानी है। जैसे हालात केरला में लव जिहाद को लेकर हुए, वैसे देश के कई राज्यों में लगातार हो रहे हैं, उनसे जागरूकता जरूरी है। फिल्में जनता में जागरूकता लाती हैं, यही काम देश में केरला स्टोरी ने किया। हमेशा देश पहले हो यह मानसिकता आवश्यक है।

यह बात इंदौर प्रेस क्लब में द केरला स्टोरी के पटकथा लेखक सूर्यपाल सिंह ने कही। वे चर्चा के लिए प्रेस क्लब में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने मध्य प्रदेश के विषय में कहा कि हवाई अड्डे के आसपास सरकार को जमीन देकर फिल्म इंडस्ट्री तैयार करनी चाहिए। बाकी उसके आसपास निवेशक अपने खर्च पर सेट इत्यादि बनाकर फिल्मों, छोटे पर्दे के सीरियल और ओटीटी के लिए किराए पर दे सकते हैं। उसे देखने का किराया रखकर भी खर्च निकाल सकते हैं। इससे प्रदेश में कलाकारों को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की पहचान भी बड़े स्तर पर बनेगी। सूर्यपाल ने यह भी कहा कि वर्षों के रामलला के संघर्ष पर और कारसेवकों के बलिदान पर भी फिल्में बनना चाहिए।



### द केरला स्टोरी पर हुई सकारात्मक चर्चा

द केरला स्टोरी सहित अन्य विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी व मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अर्पण जैन ने उनका स्वागत किया। चर्चा के दौरान क्लब के कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र कोपरगांवकर, मुकेश तिवारी, बालकृष्ण मुले, मार्टिन पिंटो सहित जलज व्यास, पारस बिरला, योगेश चंदेल आदि मौजूद थे।

# आधा दर्जन चोर पकड़ाए कई वारदातों का खुलासा

## ◆अलग-अलग थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अलग-अलग थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन चोरों को पकड़ा है। आरोपियों से पूछताछ में अनेक वारदातों का खुलासा हुआ है।**

पलासिया पुलिस ने 24 घंटे पहले हुई एक चोरी के मामले में वारदात का खुलासा किया है। इस मामले में फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया है। वहीं तिलक नगर में भी एक दिन पहले प्रयास अपार्टमेंट के दो फ्लेट में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को पकड़कर माल जब्त किया है। मल्हारगंज पुलिस ने भी तीन चोरों को गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा किया है। टीआई जगदीश जमरे के मुताबिक लाला राम नगर में शशिकला के यहां चोरी की वारदात हो गई। इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले। पुलिस ने आरोपी की पहचान लखन पुत्र अनूप हंसारिया को पकड़ा है। आरोपी के पास से चोरी के पास से करीब 3 लाख रुपए कीमत का माल जब्त किया गया है।

### अपार्टमेंट के दो फ्लैट में की थी चोरी

तिलक नगर पुलिस ने ब्रजेश्वरी एक्स के प्रयास अपार्टमेंट में गौरांग सोनी और अक्षय नागौरी के यहां चोरी करने के मामले में खजराना के दीपक पुत्र प्रकाश फरकले को पकड़ा है। आरोपी के पास से अपार्टमेंट की दो चोरी और खजराना इलाके की एक चोरी के मामले में जानकारी लगी है। आरोपी के फुटेज पुलिस को मिले थे। इसके बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर कार्रवाई कर दी।

### मल्हारगंज पुलिस ने भी पकड़े चोर

मल्हारगंज पुलिस ने भी अंश सोनी निवासी रामचंद्र नगर के यहां चोरी करने के मामले में जीतू पुत्र मंगल बघेल निवासी नंदबाग कॉलोनी, अंकित पुत्र गोवर्धन परमार और उसके अन्य साथी को पकड़ा है। आरोपी अंश के यहां घुसकर चोरी कर रहे थे। इधर, पकड़ाने के बाद उनके यहां से सुनीता फकरिया के यहां हुई चोरी के जेवर मिले। मोबाइल भी बरामद हुआ। आरोपियों के पास से चोरी के औजार और अन्य सामान भी मिला है। पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले हुई पुलिसकर्मी के घर चोरी के मामले में भी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



# देर रात तक शराब परोसने वाले ढाबों पर कार्रवाई, 51 प्रकरण बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में देर रात तक शराब परोसने वाले बार और ढाबों पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार देर रात में आबाकारी विभाग ने बार और ढाबों पर दबिश दी। बायपास, देवास नाका, एमआर-11, पलासिया क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 51 प्रकरण बनाए गए।

आबकारी विभाग के विभिन्न वृत्तों ने शराब पीने और पिलाने वालों पर कार्रवाई की। शनिवार देर रात आबकारी विभाग ने पंजाबी नेशन ढाबा, वीरजी द स्वेग ढाबा, मल्हार ढाबा, कलावत पंजाबी ढाबा, राजनंदनी ढाबा, मां शक्ति ढाबा, कमल कपूर ढाबा, न्यू पंजाबी ढाबा, जायसवाल ढाबा, सिटी जोन ढाबा, दादाजी का ढाबा, वीरा द महफिल, द हंगरी ढाबा, द पंजाब ढाबा, तंदूरी ढाबा आदि की जांच की। इस दौरान 51 प्रकरण दर्ज किए और करीब 85 लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की।

# गैंगस्टर ने धमकी दी, पुलिस ने शूटर को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक गैंगस्टर ने हिंदू संगठन से जुड़े एक व्यक्ति को धमकी दी है। आरोपी गोली मारने की धमकी देकर प्लाट मांग रहा था। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने गुंडे के साथी शूटर को तो पकड़ लिया, लेकिन वह फरार हो गया।**

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक द्वारकापुरी निवासी प्रकाश सेजवानी से प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था। तीन दिन पूर्व गैंगस्टर सतीश भाऊ ने प्रकाश को धमकाया। काल तो उसके साथी रवि चिकलिस का फोन लगा, लेकिन बात गैंगस्टर ने की। उसने एक प्लाट की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। प्रकाश हिंदू संगठन से जुड़े हैं। क्राइम ब्रांच में शिकायत की गई। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के छुट्टी पर होने के कारण प्रभार जोन-1 के डीसीपी आदित्य मिश्रा के पास है। डीसीपी ने टीम गठित कर तलाश शुरू करवा दी। फरियादी के मार्फत सतीश को बुलाया, लेकिन वह रवि को लेकर फरार हो गया। साइबर सेल ने तकनीकी जानकारी निकाल कर सतीश गिरोह के शूटर गब्बर चिकना को पकड़ लिया। जयहिंद नगर निवासी गब्बर उर्फ कैलाश विजय सिंह को केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# चाय सुट्टा बार के सामने चाकूबाजी

## ◆दो घंटे बाद लौटकर आए बदमाशों ने कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ में रविवार शाम बाइक सवारों का ठेले वालों से विवाद हो गया। रास्ते से ठेला हटाने की बात पर पहले बाइक सवार धक्का मुक्की कर चले गए। करीब दो घंटे बाद बाइक सवार अपने अन्य साथियों के साथ आकर ठेला चालक और उसके दोस्त को चाकू मारने लगे।**

सामने चाय पी रहे कुछ लोग मदद के लिये आए। उन्होंने पुलिस को सूचना की। जिसके बाद युवकों को अस्पताल भेजा गया। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक घटना रविवार शाम विष्णुपुरी के चाय सुट्टा बार के सामने की है। यहां गुलशन पुत्र रामचंद्र सोनकर निवासी यादव नगर मूसाखेड़ी अपना सब्जी का ठेला लेकर खड़ा था।

बाइक पर सवार युवकों ने रास्ते देने की बात कही। गुलशन ने ठेला थोड़ा हटाया तो बाइक सवार उससे बहस करने लगे। उन्होंने गुलशन से मारपीट की और चले गए। इस दौरान राहगिरों ने बीच बचाव किया।

गुलशन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि आरोपी दो घंटे बाद दो बाइक से आए। उन्होंने गुलशन की कॉलर पकड़ी और चाकुओं से हमला कर दिया। इस दौरान गुलशन का दोस्त दीपेश ठाकरे बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया।

पुलिस के मुताबिक मामले में रोहित पिता अरविन्द धोलपुरे निवासी जबरन कॉलोनी जूनी इंदौर, सुजल पिता बबलू लिखार, मोहित, परवेज और तनिष्क का नाम सामने आया है। पुलिस ने पांचों पर हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है।

# होटल कर्मचारी की हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डेली कॉलेज के पास एक होटल कर्मचारी की हादसे में मौत हो गई। देर रात उसके परिवार के लोगों को अस्पताल से जानकारी लगी। सूचना के बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। लेकिन रात में ही युवक की मौत हो गई।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी में रहने वाला अर्जुन 30 पुत्र राजेश मोहे का गंभीर हालत में बाइक सहित डेली कॉलेज के यहां घायल मिला। उसे उपचार के लिये राहगिरों ने एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा। अर्जुन की यहां मौत हो गई। अर्जुन एक होटल पर कर्मचारी है। रविवार को होटल पर नहीं गया था। शाम को दोस्त के साथ निकला। अर्जुन की शादी नहीं हुई है। परिवार में बड़ा भाई और माता-पिता है। वह मूल रूप से खंडवा का रहने वाला है। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

**बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत-** भंवरकुआं इलाके में बाइक से जा रहे तीन दोस्तों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक पर बैठे एक व्यक्ति के सिर से ट्रक का पहिया गुजर गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ट्रक जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक पिपल्याराव रिगरोड पर बाइक से जा रहे कमलेश उसके दोस्त गोविंद और महेश बंसल को तेज रफ्तार ट्रक नंबर आरजे 08 जीए 6230 ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों नीचे गिर गए। इस दौरान ट्रक का पहिया महेश बंसल के सिर से गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# हॉस्पिटल में युवक की मौत, हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू के चोरल डेम के पास दुर्घटना में घायल युवक की हॉस्पिटल में मौत होने के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। हादसे के बाद युवक के हाथ में फेक्चर हुआ था, जिसके लिए परिजन उसे नगर के निजी हॉस्पिटल लेकर गए थे। वहां शनिवार को इलाज शुरू करने के कुछ देर बाद ही उसे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक के पिता ज्ञान सिंह बारिया ने हॉस्पिटल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि अस्पताल में उसके बेटे रवि बारिया को हैवी डोज दिया गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। ऑपरेशन थिएटर में जाने के पहले हमने उसे बिस्किट भी खिलाएं और उसने अच्छे से बात भी की थी। डॉक्टरों की लापरवाही की चलते मेरे बेटे की जान चली गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दुर्घटना के बाद रवि को परिजन महू के मध्य भारत अस्पताल लेकर गए थे। वहां से उसे प्रारंभिक उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसे इंदौर ले जाने के बजाय शहर के निजी प्रशांति हॉस्पिटल लेकर आए। जहां पर डॉक्टर अश्विनी जायसवाल ने उसका इलाज शुरू कर शनिवार को उसका हाथ का ऑपरेशन निश्चित किया था। इसके लिए इंदौर के डॉक्टरों की टीम भी हॉस्पिटल पहुंची थी। ऑपरेशन थिएटर में शनिवार शाम 4 बजे उसे सीने में दर्द की हुआ, इसके कुछ देर बाद ही उसे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सुचना मिलने पर देर रात मऊ एसडीएम विनोद राठौर भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर पूरे मामले की जांच करने का आश्वासन दिया। परिजनों ने उचित कार्रवाई की मांग की। रविवार को युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदौर भेजा गया है। इंदौर में डॉक्टरों की विशेष टीम शव का पीएम करेगी।

### छात्रा ने पकड़ा मोबाइल लुटेरा

**इंदौर।** छात्रा की सूझ-बूझ और बहादुरी से एक बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया। इंदौर के भवरकुआं इलाके में लुटेरा छात्रा का मोबाइल छीनकर भाग रहा था जिसे छात्रा ने करीब डेढ़ किलोमीटर पीछा करने के बाद एक बाइक चालक की मदद से धर-दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। लुटेरा मोबाइल फोन छीनकर गलियों में भाग रहा था। भंवरकुआं पुलिस ने चितावद में रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा मनीषा रावत की शिकायत पर मामला दर्ज कर बलराम डावर को लूट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने बताया कि रास्ते में चलते समय फोन पर बात कर रही थी उसी समय पीछे से एक बदमाश आया और मोबाइल छीनकर भाग गया।

# सब्जी विक्रेता को चाकू अड़ाकर लूटा

### बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में रविवार देर शाम एक सब्जी विक्रेता के साथ लूट की वारदात हो गई। सब्जी विक्रेता मामले में थाने पहुंचा। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। देर रात करीब 12 बजे मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया।**

द्वारकापुरी इलाके में रविवार शाम अजय पुत्र रामनरेश तिवारी के साथ रामद्वारा गेट के यहां बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात की। अजय ने बताया कि वह प्रजापत नगर में रहता है। वह सब्जी का ठेला लगाता है। इसके चलते पैदल अपनी दुकान की तरफ जा रहे थे। तभी लाल रंग की बाइक पर दो बदमाश उसके पास पहुंचे।

एक बदमाश ने चाकू निकालकर अजय को थप्पड़ मारा। इसके बाद दूसरे बदमाश ने जेब में हाथ डालकर सिल्लक के 7 हजार रुपए निकाले और फरार हो गए। घटना के बाद पीडित थाने पहुंचा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फुटेज चेक किये। जिसके बाद आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

# मप्र में बीजेपी का 'मिशन-29'

## कांग्रेस के कब्जे वाली छिंदवाड़ा सीट पर सबसे पहले उम्मीदवार हो सकता है घोषित

**एमपी विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। गुरुवार को भोपाल से 40 किलोमीटर दूर सीहोर के पास एक रिजॉर्ट में बीजेपी की लोकसभा योजना बैठक हुई है। इस बैठक में मिशन 29 पर चर्चा हुई। यानी बीजेपी एमपी की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इनमें से 28 पी बीजेपी का कब्जा है। कांग्रेस की एकमात्र छिंदवाड़ा सीट को जीतने के लिए बीजेपी खास रणनीति बना रही है।**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। छिंदवाड़ा से नकुल नाथ सांसद हैं। सूत्रों की मानें तो छिंदवाड़ा में 2014 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2019 में कांग्रेस का वोट शेयर 3.48% घटा था। वहीं, बीजेपी के वोट शेयर में 4.04% की बढ़ोतरी हुई थी। बीजेपी पिछले चुनाव में बढ़े वोट प्रतिशत को देखते हुए इस बार चुनाव के करीब एक से डेढ़ महीने पहले ही प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी में हैं।**

- 2019 के चुनाव में नकुल नाथ 37,536 वोटों के अंतर से जीते।
- कांग्रेस प्रत्याशी नकुल नाथ को 547,305 (47.06%) वोट मिले थे।
- बीजेपी प्रत्याशी नत्थन शाह को 5,09,769 (44.05%) वोट मिले थे।
- 2014 - कमलनाथ 1,16,537 वोटों के अंतर से जीते
- कांग्रेस प्रत्याशी कमलनाथ को 559,755 (50.54%) वोट मिले थे
- बीजेपी प्रत्याशी चौधरी चंद्रभान सिंह को 4,43,218 (40.01%) वोट मिले थे।
- 2009 के चुनाव की तुलना में 2014 के चुनाव में बीजेपी का वोट प्रतिशत 5.22% बढ़ा था। जबकि कांग्रेस के वोट शेयर में मात्र 1.13% की ही बढोतरी हुई थी।
- नाथ परिवार के सामने आदिवासी चेहरा हो सकता है उम्मीदवार



सूत्रों की मानें तो छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर बीजेपी किसी आदिवासी नेता को उम्मीदवार बना सकती है। इस सीट पर मंडला सांसद और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं। कुलस्ते हाल ही में निवास सीट से विधानसभा चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने आदिवासी नेता नत्थन शाह को उतारा था और उन्होंने नकुल नाथ को कड़ी टक्कर देते हुए जीत का अंतर भारी कम कर दिया था। छिंदवाड़ा सीट पर अनुसूचित जाति वर्ग (SC) के मतदाताओं की संख्या लगभग 167,085 है जो 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 11.1% है। छिंदवाड़ा संसद सीट पर अनुसूचित जनजाति वर्ग (ST) मतदाताओं की संख्या लगभग 544,907 है जो 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 36.2% है।

**चुनाव प्रचार अभियान का आगाज भी छिंदवाड़ा से करने की तैयारी-** बीजेपी लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान मप्र में छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से ही करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा के किसी आदिवासी बहुल इलाके से चुनाव प्रचार अभियान का आगाज कर सकते हैं। बीते विधानसभा चुनाव में भी अमित शाह ने चुनाव प्रचार की शुरुआती जनसभा छिंदवाड़ा से ही शुरू की थी। अब लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा आ सकते हैं।

## MP में 20 जनवरी तक कड़ाके की ठंड नहीं

### कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी; हल्के बादल छाएंगे, बारिश नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । मध्यप्रदेश में अगले 5-6 दिन यानी 20 जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान नहीं है। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से होगा। यह 16 जनवरी से उत्तर भारत में एक्टिव हो रहा है। अगले 1-2 दिन में सिस्टम का प्रदेश में भी असर होगा। इससे हल्के बादल जरूर छाएंगे, लेकिन बारिश का अनुमान नहीं है। मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया, सिस्टम गुजरने के बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा।

फिलहाल, प्रदेश में दिन-रात का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री ज्यादा चल रहा हैं। बड़े शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन की बात करें तो जनवरी के 14 दिन में एक बार भी रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री के नीचे नहीं गया है। यहां पारा 12 डिग्री से अधिक ही चल रहा है। दूसरी ओर, ग्वालियर में दिन और रात दोनों ही ठंडे हैं। प्रदेश में रविवार रात रीवा की सबसे ठंडी रही। यहां न्यूनतम पारा 5.2 डिग्री पहुंच गया। खजुराहो में 6, सीधी में 6.8, दतिया में 7.5, सतना में 8.3, नौगांव में 9.8, उमरिया में 9.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### राजा स्वरूप में दर्शन दिए; संक्रांति पर शिप्रा-नर्मदा में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

# महाकाल ने किया तिल के उबटन से स्नान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन/नर्मदापुरम। मकर संक्रांति पर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल को तिल से बना उबटन लगाकर गर्म जल से स्नान कराया गया। स्नान-ध्यान के बाद भगवान का भांग, सूखे मेवे से श्रृंगार कर नए वस्त्र और आभूषण धारण कराए। तिली से बने पकवानों का भोग लगाकर आरती की।**

सोमवार तड़के 3 बजे पौष मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के पश्चात सूर्य का धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश हुआ, इसलिए मकर संक्रांति का पर्व आज मनाया जा रहा है।

संक्रांति पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान करने पहुंच रहे हैं। नर्मदापुरम, जबलपुर में भी नर्मदा के घाटों पर लोग स्नान - ध्यान के बाद दान पुण्य कर रहे हैं।



### आज संक्रांति का पुण्य काल

भारतीय ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांत के अनुसार जब संक्रांति का क्रम सायन अथवा रात्रि या अपर रात्रि में हो तो पर्व अगले दिन मनाया जाता है। इस दृष्टिकोण से 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्य काल है। पं. अमर डिब्बेवाला ने बताया कि संक्रांति का पर्व दक्षिणायन से उत्तरायण होता है। धनु राशि के सूर्य का मकर राशि में परिभ्रमण संक्रांति की स्थिति दर्शाती है। दक्षिण को छोड़ सूर्य उत्तर में प्रवेश करते हैं। वारियान योग की उपस्थिति में परिभ्रमण होने का लाभ राष्ट्र को प्राप्त होगा।

### दान से पितरों की कृपा प्राप्त होती है

मकर संक्रांति के पर्व काल पर सामान्यतः चावल, हरी मूंग की दाल की खिचड़ी का दान, पात्र का दान, वस्त्रों का दान, भोजन का दान आदि वस्तुओं का दान अलग-अलग प्रकार से करने की परंपरा भी है। मान्यता है कि विशेष तौर पर तांबे के कलश में काले तिल भरकर ऊपर सोने का दाना रखकर दान करने से पितरों की कृपा भी प्राप्त होती है। पितरों के निमित तर्पण करने से, गायों को घास खिलाने से और भिक्षु को भोजन दान करने से मानसिक शांति और कार्य में गति बढ़ती है।

## भोपाल सेंट्रल जेल में फिर भूख हड़ताल पर आतंकी

### ◆नमाजी टोपी और खुले रहने की मांग; पहले भी खाना-पीना छोड़ पूरी करवा चुके डिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल सेंट्रल जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में रखे गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के चार आतंकी एक बार फिर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। अब आतंकियों ने जेल परिसर में दिन भर खुले रहने की मांग की है। साथ ही, नमाजी टोपी लगाने, सामूहिक नमाज पढ़ने, न्यूज पेपर और लाइब्रेरी सुविधा देने की मांग भी कर रहे हैं।

जेल प्रशासन पर दबाव डालने उन्होंने पानी सहित सहित हर तरह की डाइट छोड़ दी है। जेल के डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं। आतंकी ड्रिप लगाने और दवा देने पर डॉक्टर्स के साथ बदसलूकी कर रहे हैं।

जेल प्रशासन की ओर से जेल मुख्यालय को पत्र लिखकर हड़ताल की जानकारी दे दी गई है। जेल के अधिकारी लगातार उनसे हड़ताल खत्म करने को लेकर बात कर रहे हैं।

**2 को फांसी, 2 उम्रकैद की काट रहे सजा-** भूख हड़ताल कर रहे आतंकियों में दो शिवली और कमरुद्दीन को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। वहीं, अबु फैसल और कामरान आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। पिछले साल की हड़ताल के बाद जेल प्रशासन ने उनकी घड़ी, खेलने के क्यूब और डायरी पेन की मांग को स्वीकार कर लिया था। एक बार फिर अनशन करने के बाद अब जेल प्रशासन उनकी इन सुविधाओं को खत्म करने पर विचार कर रहा है। चारों आतंकी उच्च सुरक्षा घेरे में सेंट्रल जेल में बंद हैं।

### टीम इंडिया के खिलाड़ी महाकाल की शरण में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन** । इंडियन क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने सोमवार सुबह महाकाल के दर्शन किए। तड़के 2 बजे क्रिकेटर रवि बिश्नोई, तिलक वर्मा, वॉशिंगटन सुंदर और जीतेश शर्मा महाकाल मंदिर पहुंचे। सभी ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की आरती की। रविवार को इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच मैच खेला गया था। टीम को मिली जीत के बाद भारतीय टीम के चारों खिलाड़ी उज्जैन पहुंचे। करीब 2 घंटे तक भस्म आरती में शामिल होने के बाद सभी इंदौर के लिए रवाना हो गए।

Maharashtra

# 'हमारी स्कीम में इंवेस्ट कीजिए और पैसे डबल...', ठगों के शिकंजे में फंसा मुंबई का 66 वर्षीय बुजुर्ग, 31 लाख गंवाए

**ठाणे, (एजेंसी) नवी मुंबई में ठगी का एक मामला सामने आया है जिसमें आरोपियों ने एक बुजुर्ग को पैसे डबल करने का झांसा देकर 31 लाख की चपत लगा दी. एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने हाई रिटर्न की पेशकश करने वाली 'इंवेस्टमेंट स्कीम' का लालच देकर एक वरिष्ठ नागरिक से लगभग 31 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.**

अधिकारी ने बताया कि कोपरखैरणे में रहने वाले 66 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि कथित धोखेबाजों ने पहली बार नवंबर 2023 में उनसे




संपर्क किया था. अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा, 'तब से वह (बुजुर्ग) नियमित रूप से उनके साथ (ठगों) बातचीत करते थे. ठगों ने बुजुर्ग को कई तरह की इंवेस्टमेंट स्कीम्स के बारे में बताया और 31.1 लाख रुपये का निवेश करने के लिए प्रेरित किया. ठग दावा करते थे कि 31 लाख के इंवेस्टमेंट के बदले उन्हें अच्छा रिटर्न मिलेगा'.बुजुर्ग द्वारा कई बार संपर्क करने के बाद भी बदले में कोई पैसा नहीं मिलने पर साइबर पुलिस स्टेशन से संपर्क किया. वह नौकरी से सेवानिवृत्त हैं. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत का संज्ञान लेते हुए छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया और मामले में आगे की जांच जारी है. ठगी का एक और नायाब तरीका बीते दिनों बिहार के नवादा जिले से सामने आया था, जहां बच्चे पैदा करने के नाम पर लोगों को चपत लगाई जा रही थी.

Uttarpradesh

## फ्रेंचाइजी के नाम पर 300 करोड़ लेकर दिल्ली की कंपनी फरार, मालिक समेत 9 के खिलाफ केस

**बरेली, (एजेंसी)** दिल्ली की रोडेक्स स्पैप लॉजिस्टिक्स कंपनी देशभर में हजारों लोगों को फ्रेंचाइजी देने के नाम पर करीब 300 करोड़ रुपये का चूना लगाकर फरार हो गई। इस कंपनी ने बरेली के पांच लोगों को भी करीब 20 लाख का चूना लगाया है। गोल्डन ग्रीन पार्क निवासी पवन शर्मा ने एसएसपी से की शिकायत में कहा है कि करीब एक साल पहले दिल्ली की रोडेक्स स्पैप लॉजिस्टिक्स कंपनी द्वारा देश भर में पार्सल डिलीवरी के लिए फ्रेंचाइजी देने का विज्ञापन दिया था।

कंपनी के लोगों के विश्वास में आकर फ्रेंचाइजी लेने के लिए उन्होंने कंपनी के खाते में 10.25 लाख, मैफेयर लॉन के पास रहने वाली प्रिया सक्सेना ने 5.11 लाख, कीर्तिनगर के क्षितिज रघुवंशी ने 2.18 लाख, पीलीभीत बाईपास के राजेंद्र पाल ने 1.18 लाख और सुरेश शर्मा नगर के विनय पटेल ने 1.18 लाख रुपये जमा कर दिए। काम शुरू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया लेकिन जब इसके बाद भी काम शुरू नहीं हुआ तो उन लोगों ने दिल्ली जाकर कंपनी से संपर्क किया। वहां मिले कर्मचारियों ने शीघ्र ही काम शुरू होने का आश्वासन दिया। ई मेल से रकम वापसी को कहा। दिल्ली में कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि वे सभी सामान समेटकर वहां से फरार हो चुके हैं।

पीड़ितों की तहरीर पर थाना बारादरी में कंपनी के मालिक सुदीप्तो मुखर्जी व सुब्रोतो मुखर्जी, कर्मचारी आदित्य, श्रेया, सचिन, संतोष, अमन गुप्ता, निखिल, नाहिद परवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि यह सभी आरोपी फोन के जरिये इन लोगों के संपर्क में थे और झांसा देकर ठगी की है। प्रिया सक्सेना के पति उत्कर्ष ने बताया कि इस कंपनी ने पूरे देश में हजारों लोगों को जाल में फंसाया।

Uttarpradesh

## यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: सवारियों से भरी दो बसों में आमने-सामने की टक्कर, 40 यात्री घायल

**मथुरा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार की तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां दो बसें आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में 40 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बसों को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया गया है।**

हादसा राया कट के पास यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन-110 पर तड़के करीब 3 बजे हुआ। यहां दो बसें आमने-सामने टकरा गईं। शोर सुनकर राहगीर रुक गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बसों से बाहर निकाला। इसके बाद घायल 40 लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

बताया गया कि एक बस नोएडा से धौलपुर जा रही थी। वहीं दूसरी बस इटावा से नोएडा जा रही थी। कोहरा अधिक होने के कारण दृश्यता लगभग शून्य थी। इसी कारण हादसा हो गया। पुलिस ने दोनों बसों को एक्सप्रेसवे से किनारे कराया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

Rajasthan

## 10वीं की छात्रा को मोबाइल यूज करने से रोका तो कर लिया सुसाइड

**कोटा, (एजेंसी)** राजस्थान की 'शिक्षा नगरी' कहे जाने वाले कोटा में 10वीं की एक छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर दिया है. बताया जा रहा है कि पिता ने अपने अपनी 16 वर्षीय बेटी को मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने से मना किया था, जिसके बाद छात्रा नाराज हो गई और गुस्से में कमरे में जाकर पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है. परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से कमरे का गेट खोलकर उसे फंदे से उतारा तब तक देर हो चुकी थी.

अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया. रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया. कोटा में 16 साल की छात्रा ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया, बालिका को उसके पिता ने मोबाइल गेम खेलने से मना किया और डांटा था, इस बात से नाराज होकर उसने फंदा लगा लिया. दरअसल, राजस्थान बोर्ड परीक्षा फरवरी-मार्च 2024 में आयोजित की जाएगी. 12वीं बोर्ड परीक्षा 29 फरवरी से और 10वीं की बोर्ड परीक्षा 07 मार्च 2024 से शुरू होगी. मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा के पिता ने उसे बोर्ड परीक्षा के चलते मोबाइल फोन पर गेम खलने से मना किया और डांटा था. इसी बात से नाराज होकर छात्रा अपने कमरे में चली गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया. कुछ समय बाद उसे खाने के लिए बुलाया तो उसने दरवाजा तक नहीं खोला. रविवार रात करीब आठ बजे उसे खाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया. काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो घरवालों को आशंका हुई.

खेल

# घर में लगातार छठी टी20 सीरीज जीता भारत, 15 सीरीज से अजेय

## अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया

**इंदौर, (एजेंसी)** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत लिया। यह मैच जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज भी अपने नाम कर ली। भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार छठी टी20 सीरीज जीती है। इसके साथ ही घर में लगातार 15वीं सीरीज में भारत के अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम है। अपने घर में भारत आखिरी सीरीज फरवरी 2019 में हारा था। इसके बाद खेली गई 15 सीरीज में दो बराबरी पर छूटी हैं और 13 भारत के नाम रही हैं। दोनों ड्रॉ सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई थीं। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आई अफगानिस्तान की टीम ने 20 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 172 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 15.4 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बना लिए



और छह विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नईब ने 57 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन और रवि बिश्नोई-अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 68 और शिवम दुबे ने नाबाद 63 रन बनाए। अफगानिस्तान के करीम जनत ने दो विकेट लिए। यह रोहित शर्मा का 150वां अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच था। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बने। इस मामले में उनके बाद आयरलैंड के लिए 134 मैच खेलने वाले पॉल स्टर्लिंग हैं। हालांकि, शून्य के स्कोर पर आउट होने के साथ ही रोहित ने शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह 12 बार अंतरराष्ट्रीय टी20 में शून्य पर आउट हो चुके हैं। रोचक बात यह है कि इस मामले में उनसे आगे सिर्फ पॉल स्टर्लिंग हैं, जो 13 बार शून्य पर आउट हुए हैं। अक्षर पटेल (2/17) की बेहतरीन गेंदबाजी के बावजूद अफगानिस्तान 172 रन बनाने में सफल रहा। यह गुलबदीन की 35 गेंद में खेली गई 57 रन की पारी रही, जिसने अफगानिस्तान को इस स्कोर तक ले जाने में मदद की। अंत में मुजीब उर रहमान की नौ गेंद में 21 और करीम जनत की 10 गेंद में 20 रन की पारी ने अफगानिस्तान को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अंतिम ओवर में अफगानिस्तान के चार विकेट गिरे, जिससे उसकी पारी सिमट गई। अर्शदीप ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 14 माह बाद टी-20 टीम में विराट कोहली की वापसी हुई। उन्हें तिलक वर्मा की जगह मौका मिला। वहीं शुभमन गिल के स्थान पर यशस्वी जायसवाल को शामिल किया गया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने नौ गेंद मे 14 रन बनाकर तेज शुरुआत दी, लेकिन चौथे ही ओवर में रवि बिश्नोई ने आते ही उन्हें लांग ऑन पर शिवम के हाथों में कैच करा दिया। इसके बाद गुलबदीन ने मोर्चा संभाल लिया। पहले उन्होंने मुकेश पर लगातार दो चौके लगाए। इसके बाद रवि पर छक्का और दो चौके लगाकर पांचवें ओवर में अफगानिस्तान को 50 रन पर पहुंचा दिया।

सिनेमा

## अमिताभ बच्चन ने राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर अयोध्या में खरीदा प्लॉट, गेस कर पाएंगे कीमत?



बॉलीवुड के लेजेंडरी एक्टर अमिताभ बच्चन राम की नगरी अयोध्या में आलीशान घर बनवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अभिनंदर लोढ़ा से सेवन स्टार टाउनशिप द सरयू में प्लॉट खरीदा है। अभिनंदन मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के चेयरमैन हैं। यह जगह कितनी बड़ी और कितने की है, इस पर HoABL की तरफ से कोई कमेंट नहीं मिल सका। हालांकि सोर्सेज का कहना है कि अमिताभ बच्चन वहां 10,000 स्क्वैयर फीट का घर बनवाना चाहते हैं जिसकी कीमत 14.5 करोड़ होगी।

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। उसी दिन द सरयू एन्क्लेव का लॉन्च होगा। बताया जा रहा है कि यह 51 एकड़ में फैला है। इस प्रोजेक्ट में इनवेस्टमेंट पर अमिताभ बच्चन ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा, मैं द हाउस ऑफ अभिनंदि लोढ़ा के साथ अयोध्या में द सरयू में घर बनाने के लिए उत्साहित हूं। इस शहर की मेरे दिल में खास जगह है। अयोध्या के अध्यात्म और संस्कृति ने एक इमोशनल रिश्ता बनाया है जो कि भौगोलिक सीमाओं से परे है।

# संपादकीय

## नहीं लौटी रौनक

कोरोनाकाल के बाद कारोबारी गतिविधियां सामान्य ढंग से चल तो पड़ीं, मगर रोजगार और आय के स्तर पर बहुत सुधार नहीं देखा गया। लोगों की कमाई बढ़ नहीं पा रही है। जिन लोगों के रोजगार छिन गए, उनमें से बहुत सारे आज भी खाली हाथ बैठे हैं। इस तरह सबसे अधिक बुरा प्रभाव लोगों की क्रय शक्ति पर पड़ा है। इसकी वजह से कुछ त्योहारी मौसमों को छोड़ दें, तो उपभोक्ता वस्तुओं के बाजार में रौनक अभी तक स्वाभाविक ढंग से नहीं लौटी है। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए कठिन बना हुआ है। पिछले महीने खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई 9.53 फीसद पर पहुंच गई। इसके पिछले महीने यह 8.70 फीसद पर थी, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 4.90 फीसद दर्ज की गई थी। यह महंगाई दर दालों, सब्जियों और मसालों की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि की वजह से दर्ज हुई है। हालांकि अनाज और खाद्य तेलों में मुद्रास्फीति कुछ कम हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक इस स्थिति के लिए पहले से तैयार था। इसीलिए उसने बैंक दरों में कोई बदलाव करने से परहेज किया। उसका मानना है कि सब्जियों और दालों की कीमतों में इस तरह के उतार-चढ़ाव आते रहेंगे और इसके लिए पहले से तैयार रहने की जरूरत है। रिजर्व बैंक की कोशिश रही है कि महंगाई को पांच फीसद से नीचे स्थिर रखा जाए। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मगर इस मामले में उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही है। हालांकि इसके उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया में सबसे बेहतर यानी सात फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक आंकड़ों के गणित में कुछ बातें बहुत सारे लोगों की समझ से परे या फिर विरोधाभासी लगती हैं। महंगाई के साथ औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आए हैं, जिसमें तेईस में से सत्रह क्षेत्रों का प्रदर्शन निराशाजनक देखा गया है। औद्योगिक उत्पादन अपने पिछले आठ महीने के सबसे निचले स्तर पर यानी 2.4 फीसद दर्ज हुआ है। इसके पीछे उच्च आधार प्रभाव के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं और विनिर्माण गतिविधियों में शिथिलता को कारण माना जा रहा है। इसके बावजूद आर्थिक विकास दर में तेजी बताई जा रही है।

**Quote...**

"Many of life's failures are people who did not realize how close they were to success when they gave up."

-Thomas A. Edison

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जीवन आपको तैयारी करने के लिए एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# मकर संक्रांति पर घर लाएं तांबे का सूर्य

## साल भर पैसों से भरी रहेगी तिजोरी

हिंदू धर्म में जब ग्रहों के राजा सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो उस दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार,इस बार 15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। देशभर में इस पर्व को कई अलग-अलग नामों से जाना जाता है। दक्षिण भारत में इस पोंगल, गुजरात में उत्तरायण,असम में बिहू और उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति या खिचड़ी का पर्व कहा जाता है। इसके अलावा उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल में इस त्योहार को मनाया जाता है। कुमाऊं में इसे घुघुती और गढ़वाल में इसे खिचड़ी संक्रांत कहा जाता है। सनातन धर्म में मकर संक्रांति के स्नान-दान का बड़ा महत्व है। साथ ही इस दिन सूर्यदेव की पूजा-उपासना करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। मकर संक्रांति के शुभ मौके पर आप तांबे का सूर्य घर ला सकते हैं। मान्यता है कि वास्तु के नियमों का ध्यान रखकर घर में तांबे का सूर्य लगाने से सुख-सौभाग्य बढ़ता है। आइए जानते हैं कॉपर सन लगाने का सही वास्तु टिप्स...



### ◆ कॉपर सन लगाने के वास्तु टिप्स :

1. घर की पूर्व दिशा में तांबे का सूर्य लगाना बेहद शुभ और मंगलकारी माना गया है।
2. वास्तु के अनुसार, आप घर के मंदिर के ईशान कोण में भी कॉपर सन लगा सकते हैं। मान्यता है कि इससे सुख-सौभाग्य बढ़ता है।
3. घर के मुख्यद्वार या खिड़की पर तांबे का सूरज लगाना शुभ होता है। इससे आप घर की दीवार पर भी लगा सकते हैं।
4. कहा जाता है कि लिविंग रूम में तांबे का सूर्य लगाने से गृह-क्लेश से मुक्ति मिलती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
5. नौकरी-कारोबार में नुकसान होने पर आप ऑफिस के पूर्व दिशा की दिवार पर तांबे का सूर्य लगा सकते हैं। मान्यता है कि इससे करियर ग्रोथ के योग बनते हैं।
6. घर के बेडरूम में तांबे का सूर्य न लगाएं। इससे आपको नकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

### ◆ तांबे का सूरज लगाने के लाभ

1. वास्तु के अनुसार,तांबे का सूर्य लगाने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है और कार्यों की बाधाएं दूर होती है।
2. कॉपर का सन गृह-क्लेश से मुक्ति दिलाने में बहुत लाभकारी माना जाता है। मान्यता है कि जिस घर में तांबे का सूर्य होता है, वहां हमेशा पॉजिटिविटी बनी रहती है।
3. मान्यता है कि तांबे का सूर्य लगाने से परिवार के सदस्यों पर सूर्यदेव की विशेष कृपा रहती है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है और सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। विस्तृत और अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।**

## Highlights

1. **Road rage is coming to aircraft: Paytm CEO Sharma as IndiGo pilot slapped**
2. **Centre yet to decide on HPV vaccination against cervical cancer**
3. **Five years of the HIV/AIDS Act, 2017: An assessment — Part 1**
4. **Students oppose new Telangana HC on PJTSAU campus**
5. **Are we to only applaud when PM installs idol?: Shankaracharya on skipping Ayodhya event**
6. **Man who hit pilot on IndiGo flight identified, could be put on no-fly list**

# 5 richest men's fortune doubled since 2020; 1st trillionaire within a decade: Oxfam

**NEW DEIHI, (Agency).**The net worth of the five richest men has more than doubled since 2020 while nearly five billion people have been made poorer, an Oxfam report has revealed. The profound economic disparity is illustrated by the fact that while 148 top corporations amassed an astonishing $1.8 trillion in profits, marking a 52 per cent increase compared to the three-year average, hundreds of millions faced cuts in real-term pay.

The report titled 'Inequality Inc.' was published on Monday as the global elite starts hobnobbing at the World Economic Forum in Davos this week.

One alarming statistic from the study indicates that for every $100 of profit generated by 96 major corporations between July 2022 and June 2023, an overwhelming $82 was distributed to affluent shareholders.




The report also estimates the imminent emergence of the world's first trillionaire within the next decade, juxtaposed against a stark projection that it would take more than two centuries to eradicate global poverty.

"We're witnessing the beginnings of a decade of division, with billions of people shouldering the economic shockwaves of pandemic, inflation and war, while billionaires' fortunes boom. This inequality is no accident; the billionaire class is ensuring corporations deliver more wealth to them at the expense of everyone else," said Oxfam International interim Executive Director Amitabh Behar.

"Runaway corporate and monopoly power is an inequality-generating machine: through squeezing workers, dodging tax, privatizing the state, and spurring climate breakdown, corporations are funneling endless wealth to their ultra-rich owners. But they're also funneling power, undermining our democracies and our rights. No corporation or individual should have this much power over our economies and our lives —to be clear, nobody should have a billion dollars".

# Stock market today: Sensex opens in green above 73,000 points; Nifty at 22,081

**NEW DEIHI, (Agency).** Benchmark equity indices hit record peaks in early trade on Monday, with the Sensex breaching the 73,000 milestone for the first time ever and the Nifty surging past the historic 22,000-mark, driven by a sharp rally in IT stocks.

The 30-share BSE Sensex jumped 720.33 points to reach an all-time peak of 73,288.78 in early trade. The




Nifty also breached the 22,000 milestone, climbing 187.4 points to reach a lifetime high of 22,081.95.

Among the Sensex firms, Wipro zoomed nearly 11 per cent even as the IT company on Friday posted 11.74 per cent decline in consolidated net profit to ₹2,694.2 crore for the third quarter ended December 31, 2023.

The other prominent gainers were Tech Mahindra, HCL Technologies, Infosys, Tata Consultancy Services, State Bank of India and HDFC Bank.

HCL Technologies on Friday reported 6.2 per cent increase in consolidated net profit at ₹4,350 crore, highest ever on a quarterly basis, in the three months ended December 2023 on the back of growth in both services and software businesses.

Hindustan Unilever, Bajaj Finance, NTPC and Asian Paints were among the laggards.

कृपया 'मंथरा गान' के इस आयोजन में आप अवश्य भाग लेवें ... साथ ही अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों को भी... मेरी ओर से सूचना देने का कष्ट करें... यह आयोजन अनूठा, अद्भुत और ऐतिहासिक है... आपकी सहभागिता से यह कार्यक्रम गरिमा और सफलता प्राप्त करेगा... अवश्य आईये... ।

**एल एन उग्र**
सूत्रधार /संयोजक
मो.+91 94250 39071

# श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति

## आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा अद्भुत एतिहासिंक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर

**"मंथरा गान"**

का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :

**"पुष्पेन्द्र पुष्प"**

**: समय :**
16 जनवरी 2024 से
प्रति मंगलवार
सायं 6:15 से 7 :00

**: स्थान :**
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति
सभाग्रह इन्दौर

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा

कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

**भवदीय**

एल.एन.उग्र
सूत्रधार
9425039071

अरविन्द जवेलकर
प्रधानमंत्री
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, इन्दौर

**सौजन्य से : MRP मित्र मंडल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक